संख्या-1/2018/1606/12-5-2017-सा०-229/2017

प्रेषक,

ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कृषि निदेशक
उत्तर प्रदेश, कृषि भवन,
लखनऊ।

कृषि अनुभाग-5 **लखनऊ:: दिनांक:: 03 जनवरी, 2018**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2017-18 में अनुदान संख्या-11 के लेखाशीर्षक 2402-मृदा तथा जल संरक्षण-103-भूमि सुधार तथा विकास-09-पं०दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के अन्तर्गत पुनर्विनियोग के माध्यम से व्यय को वहन करने हेतु वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-भू०सं०लेखा/पुर्न०प्रस्ताव/17-18/411डी, दिनांक 22 नवम्बर, 2017 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अनुदान संख्या-11 के लेखाशीर्षक 2402-मृदा तथा जल संरक्षण-103-भूमि सुधार तथा विकास-09-पं०दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजनान्तर्गत मानक मद 42-अन्य व्यय में रू० 240000000.00 (रू० चौबीस सौ लाख मात्र) की अतिरिक्त धनराशि को विभागीय बचतों से पुनर्विनियोग के माध्यम से संलग्न प्रपत्र बी0एम0-9 (भाग-1) के अनुसार व्यय किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त धनराशि के देयक पर कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा और मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ द्वारा भुगतान किया जायेगा।

3- उक्त जारी स्वीकृति के सापेक्ष एक मुश्त धनराशि का आहरण न किया जाय बल्कि आवश्यकतानुसार धनराशि को कोषागार से आहरित की जाय।

4- जिस मद में बचत बतायी गयी है चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 में उस मानक मद में धनराशि की मांग नहीं की जायेगी।

5- उक्त स्वीकृति की जा रही धनरशि अनुदान संख्या-11 के लेखाशीर्ष 2401-फसल कृषि कर्म, 103-बीज-04-प्रमाणित बीजों पर अनुदान योजनान्तर्गत मानक मद 27-सब्सिडी में होने वाली बचत को पुर्नविनियोग करते हुए लेखाशीर्षक 2402-मृदा तथा जल संरक्षण-103-भूमि सुधार तथा विकास-09-पं०दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजनान्तर्गत मानक मद 42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-8/2017/बी-1-1190//दस-2017-231/ 2017, दिनांक 03 अगस्त, 2017 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

संख्या-1/2018/1606(1)/12-5-2017, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्न की प्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3. समस्त मण्डलायुक्त/समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0 द्वारा कृषि निदेशक, उ0प्र0 लखनऊ।
4. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. अपर कृषि निदेशक (भू०सं०) कृषि भवन, लखनऊ।
6. वित्त नियंत्रक, कृषि भवन, लखनऊ।
7. संयुक्त कृषि निदेशक (बाढ़ोन्मुखी/राष्ट्रीय जलागम) कृषि भवन, लखनऊ।
8. संयुक्त कृषि निदेशक (नियोजन) कृषि भवन, लखनऊ।
9. सहायक निदेशक (कम्प्यूटर एवं समन्वय) कृषि भवन, लखनऊ।
10. वित्त (व्यय-नियंत्रण), अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-3
11. गार्ड फाइल।

संलग्नक-यथोक्त।

आज्ञा से,

(ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।